पुलिस अधीक्षक ने किया पैदल गश्त, दिलाया सुरक्षा का अहसास

सड़क किनारे किए गए अवैध अतिक्रमण को हटवाया

जिला ब्यूरो हसरत हुसेन खाँन

श्रावस्ती पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया व क्षेत्राधिकारी भिनगा संतोष कुमार के नेतृत्व में थाना कोतवाली भिनगा क्षेत्रांतर्गत कस्बा भिनगा में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु भारी संख्या में पुलिस बल के साथ पैदल गश्त की गई। गश्त के दौरान आम नागरिकों से संवाद स्थापित कर उन्हें सुरक्षा का एहसास दिलाया गया। पुलिस अधीक्षक ने नागरिकों को आश्वासन दिया कि जनपद में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस सदैव सतर्क है। इसके अतिरिक्त सड़क किनारे किए गए अवैध अतिक्रमण को हटवाने की कार्रवाई की गई। दुकानदारों को सख्त चेतावनी दी गई कि वे सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण न करें और शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।यह अभियान जनहित और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से चलाया गया, जिससे आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

महिलाओं की सुरक्षा, सशक्तीकरण मिशन शक्ति का है उद्देश्य

श्रावस्ती (डीएनएन)। महिलाये अपने अधिकारों के प्रति सजग हों अपनी सुरक्षा स्वय कर सके इसके लिये महिला पुलिस शासन के आदेशों के क्रम में पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया के निर्देश पर महिलाओं को जागरूक कर रही हैं। मिशन शक्ति फेज 05 के तहत प्रमुख चौराहों बाजार, बस स्टैण्ड तथा सार्वजनिक स्थानों के साथ महिला पुलिस गांवों में भी जा रही हैं और डायल 1090,112,181,1930 बालिकाओं की सुरक्षा, कन्या सुमगला योजना, उज्वला योजना,बेटी बचाओ बेटी पढाओं आदि के बारे में भी जागरूक कर रही है। सुरक्षा से सम्बन्धित अन्य जानकारी दे रही है।

• महिलाओं को जागरुक कर रही पुलिस

इस क्रम में महिला सुरक्षा सशक्तीकरण के साथ साइबर अपराधों के प्रति भी जागरूक कर रही है। सोनवा के ग्राम दिकौली, लोनियनपुरवा, में महिला आरक्षी, शिवांगी सिंह, व मोनिका तथा इकौना में महिल आरक्षी पूनम देवी, व गंगोत्री, गिलौला के बिजयपुर में महिला आरक्षी नन्ही वर्मा, पूजा, ग्राम लोहारी रैमुनिया मोहरनिया डीह ,चेतिया कोचिंग सेण्टर में महिला पुलिस ने महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक कियां।